भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2138
जिसका उत्तर 09 अगस्त, 2024 को दिया जाना है ।
18 श्रावण, 1946 (शक)

असम में सेमीकंडक्टर उद्योग

2138. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य:

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सेमीकंडक्टर विनिर्माण का कार्य शुरू हो चुका है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी अद्यतन ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र युवाओं को रोजगार प्राप्त करने में मदद करेगा; और
(ग) असम राज्य में कितने संयंत्र स्थापित किए जाने की योजना है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (ग): सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए 76,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम को मंजूरी दी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेमीकंडक्टर**,** डिस्प्ले विनिर्माण और डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

उपर्युक्त कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित चार योजनाएं शुरू की गई हैं:

क) '**भारत में सेमीकंडक्टर फैब्स की स्थापना के लिए संशोधित योजना**' भारत में सिलिकॉन सीएमओएस आधारित सेमीकंडक्टर फैब्स की स्थापना के लिए समरूप आधार पर परियोजना लागत के 50% की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

ख) '**भारत में डिस्प्ले फैब्स की स्थापना के लिए संशोधित योजना'** भारत में डिस्प्ले फैब्स की स्थापना के लिए समरूप आधार पर परियोजना लागत के 50% की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

ग) '**भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स/सिलिकॉन फोटोनिकी/सेंसर्स फैब/भिन्न सेमीकंडक्टर्स फैब और सेमीकंडक्टर संयोजन, परीक्षण, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी)/ओएसएटी सुविधाओं की स्थापना के लिए संशोधित योजना**' भारत में कंपाउंड सेमीकंडक्टर/सिलिकॉन फोटोनिकी (एसआईपीएच)/सेंसर (एमईएमएस सहित), फैब/भिन्न सेमीकंडक्टर फैब और सेमीकंडक्टर एटीएमपी/ओएसएटी सुविधाओं की स्थापना के लिए समरूप आधार पर पूंजीगत व्यय के 50% की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

घ) '**डिजाइन लिंक्ड प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना':** डिजाइन अवसंरचना सहायता के अलावा यह योजना प्रति आवेदन 15 करोड़ रुपये की उच्चतम सीमा के तहत पात्र व्यय के 50% तक "उत्पाद डिजाइन संबद्ध प्रोत्साहन" और 5 वर्षों की अवधि में निवल बिक्री कारोबार के 6% से 4% के "परिनियोजन संबद्ध प्रोत्साहन" प्रदान करती है, जिसकी अधिकतम सीमा 30 करोड़ रु प्रति आवेदन है।

ड़) सरकार ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला, मोहाली के ब्राउनफील्ड फैब के रूप में आधुनिकीकरण को भी अनुमोदित किया है।

सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत 1,48,746 करोड़ रुपये के संचयी निवेश के साथ 4 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है। इसमें से एक परियोजना इकाई असम में स्थापित की जा रही है। इस परियोजना से असम राज्य में 15,000 से अधिक प्रत्यक्ष और 11,000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

****